तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय पिथौरागढ़
# KENDRIYA VIDYALAYA PITHORAGARH

## समाचार पत्रक
2019-20
(न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित)


**मुख्य संरक्षक**
श्री विनोद कुमार
प्रभारी उपायुक्त
के0 वि0 स0 देहरादून सम्भाग

**संरक्षक**
श्रीमती कमला निखुर्पा
प्राचार्य

**सह-संरक्षक**
श्री नरेश चंद जिनाटा
उप-प्रचार्य

**मुख्य सम्पादक**
श्री एन. पी. सिंह गंगवार
प्रधानाध्यापक

**संपादक मण्डल**
श्रीमती कुसुमलता बिष्ट
श्रीमती आशा जोशी


## प्राचार्य की लेखनी से



केन्द्रीय विद्यालय संगठन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहा है। इसी परिपेक्ष्य में प्राथमिक शिक्षा को गणुवत्तापूर्ण बनाने के लिए के0 वि0 संगठन द्वारा न्यनतम साझाा कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। समाचार पत्रक 2019-20 के माध्यम से बाल मन की झलकियां आपके समक्ष प्रस्तुत हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं सम्पादक मण्डल को समाचार पत्रक 2019-20 के प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं।

## उप-प्राचार्य की कलम से



मैं अपने आप को केन्द्रीय विद्यालय पिथौरागढ़ से जुड़ने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हँ। यह कहना बहतु ही संतोषजनक है कि समाचार पत्रक के प्रकाशन की दिशा में ईमानदारी से प्रयास किया गया। के0 वि0 पिथौरागढ़ देहरादून संभाग के अंतर्गत आने वाला महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थान है। विद्यालय ने छात्रों के समग्र विकास के लिए लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी एक पहचान बनाई है।

मैं सभी छात्रों, शिक्षकों एवं सम्पादक मण्डल को हृदय से बधाई देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि वर्ष -2019-20 एक उद्देश्यपूर्ण शैक्षिक वर्ष प्रतीत हो।

## प्रधानाध्यापक की कलम से



सामचार पत्रक का 13वां अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस समाचार पत्रक में सत्र-2019-20 की पाठ्य एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों को समाहित करने का प्रयास किया गया है। छात्रों में सृजनात्मक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है जिनकी झलक इस अंक के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत है।

मैं विद्यालय की प्राचार्य, उप-प्राचार्य, समस्त शिक्षको, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का हृदय से आभारी हूँ जिनके सहयोग से इस समाचार पत्रक का प्रकाशन सम्भव हो पाया।



## प्रार्थना सभा (MORNING ASSEMBLY)

प्रतिदिन विद्यालय की शुरूआत ईश वन्दना के साथ होती है। समस्त विद्यालय का वातावरण ईश वन्दना से गुंजायमान हो जाता है। विचार, प्रतिज्ञा, राष्ट्रगान, लघु नाटिका, कविता वाचन, शिक्षक नैतिक व्याख्यान प्रार्थना सभा के मुख्य भाग होते हैं।



## कक्षा एक का स्वागत
## Welcome of Class-Ist

अप्रैल माह में कक्षा एक के नवागंतुग छात्र-छात्राओं का स्वागत बहुत ही जोर-शोर के साथ किया गया। आचार्य जी ने सभी नवागंतुक छात्रों का मिष्ठान वितरक कर स्वागत किया एवं छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसका उद्देश्य छात्रों को विद्यालय परिवेश से परिचित कराना होता है।

## शिक्षक में मल्टीमीडिया एवं क्रियात्मक शिक्षण का प्रयोग
## (MULTIMEDIA AND ACTIVITY BASED TEACHING)

छात्रों में स्थाई ज्ञान की प्राप्ति के लिए क्रियात्मक शिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 'करके सीखना' के0 वि0 सं0 की पठन-पाठन प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। छात्र क्रियाओं को स्वयं महसूस करके एवं प्रयोग करके अपना ज्ञानवर्धक करके हैं। साथ ही साथ वर्तमान मल्टीमीडिया के युग में कम्प्यूटर/प्रोजेक्टर आधारित शिक्षण को प्रमुखता दी जाती है।










## सदन एवं कक्षा-कक्ष बोर्ड सज्जा
## HOUSE BOARD AND CLASSROOM DISPLAY BOARD

छात्रों में रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से सदन एवं कक्षा-कक्ष में स्थापित बोर्ड की साजसज्जा के लिए समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें सभी छात्र अपनी-अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करते हैं।








## गणित एवं पर्यावरण अध्ययन क्विज
## MATHS AND EVS QUIZ

छात्रों में सोचने समझने एवं विश्लेषण करने की क्षमता को सुचारू रूप से विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न तरह की क्विज का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। इस तरह की गतिविधियों में सभी छात्र बढ़चढकर भाग लेते हैं।








## राखी बनाओ एवं दीपक सजाओ प्रतियोगिता
## DECORATION COMPITITION

हमारे देश में समय-समय पर अनेक त्यौहार मनाए जाते है छात्रों को संस्कृति एवं सभ्यता से जोड़े रखने के लिए विद्यालय में अनेक त्यौहारों का भी आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में भाई-बहन के पवित्र त्यौहार के अवसर पर छात्रों ने बहुत ही सुन्दर राखियों का निर्माण किया तथा इन राखियों को सैनिकों को भेंट किया गया। इसी तरह दीयों के पर्व दीपावली के अवसर पर छात्रों द्वारा दीये सज्जा की गयी तथा इन दीपों को जलाकर दीपावली का त्यौहार भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी तरह रंगोली भी सजाई गयी।



## स्वच्छता जागरूकता अभियान
## Cleanliness awareness Campain

स्वच्छता हमारे जीवन को महत्वपूर्ण अंग है। समय-समय पर विद्यालय के छात्रों ने अपने विद्यालय एवं समीपवर्ती गाँव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। गाँव के लोगों को इस अभियान में शामिल कर स्वच्छता का संदेश दिया।










## शिक्षक कार्यशाला
## Teacher workshop

पठन-पाठन की नई तकनीकियों एवं बाल मनोविज्ञान में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी देने के लिए समय-समय पर शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया जाता है जिससे शिक्षक समय के अनुसार अपडेट रहे और छात्रों को सर्वागीण विकास के लिए आवश्यक परिवेश उपलब्ध कराया जा सकें।




## फिल्म प्रदर्शन
## Film Show


किताबी पठन-पाठन से अलग हटकर छात्रों की रूचि को ध्यान में रखते हुऐ विद्यालय में फिल्म शो का भी आयोजन किया जात है। जिनमें छात्र प्रेरक प्रसंग, नैतिक मूल्यों पर आधारित एवं कार्टून से सम्बन्धित फिल्में देखते हैं और आनन्द की अनुभूति करते हैं।


## लघु खेल कूद प्रतियोगिता
## Mini Sports Meet

भारत सरकार के स्वस्थ बच्चे-स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिए के. वि. सं. वचनबद्ध है। इसी परिपेक्ष में प्राथमिक विभाग के लिए मिनि स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें दौड़, योग एवं अन्य खेलकूदों को प्रमुखता प्रदान की गयी, जिससे शारीरिक एवं मानसिक रूप से छात्र स्वस्थ रह सकें।








## अन्य क्रियाकलाप




















## समाचार पत्रों में विद्यालय


अबुल कलाम के विचारों के अनुसरण की जरूरत


केवी में नये बच्चों का स्वागत








पिथौरागढ़ केवि में रंगारंग कार्यक्रम



| सदन प्रमुख | कक्षा | |
|---|---|---|
| मुदित पाण्डेय | VA | विद्यालय कप्तान |
| नन्दिन गुप्ता | VA | विद्यालय कप्तान |
| सुमित भट्ट | VB | शिवाजी सदन |
| महक | VB | शिवाजी सदन |
| मयंक भाटिया | VB | टैगोर |
| श्रुति | VB | टैगोर |
| प्रशान्त | VB | अशोक |
| उपासना | VB | अशोक |
| प्रज्ञान पाण्डेय | VA | रमन |
| दिव्या शाह | VA | रमन |

## CCA CALENDAR PRIMARY WING-2019-20

| Months | Date | Activities |
|---|---|---|
| April -2019 | 3/4/19 | House meeting, selection of house official, planning of class |
| | | Room decoration |
| | 10/04/19 | Class room decoration |
| | 24/04/19 | Poem recitation (english) |
| May-2019 | | |
| | 01/05/19 | Drawing and painting competition |
| | 08/05/19 | House display board competition |
| | 15/05/19 | English calligraphy |
| | 29/05/19 | Card making (welcome, best wishes) |
| June-2019 | | |
| | 17/06/19 | Hindi skit on save environment |
| | 19/06/19 | Bhajan gayan |
| | 26/06/19 | Solo dance-hariyanvi, rajasthani, marathi, asmiya |
| July-2019 | | |
| | 03/07/19 | Best out of waste |
| | 10/07/19 | Group dance kumauni, nepali, saraswati vandana, dandiya |
| | 17/07/19 | Sloka gayan |
| | 24/07/19 | Hindi sulekh |
| | 31/07/19 | House meeting (preparetion of group song |
| August-2019 | | |
| | 07/08/19 | Group song (patriotic) rakhi making |
| | 14/08/19 | Solso song (devotional) |
| | 21/08/19 | Rakhi making group song |
| | 28/08/19 | Word game (english) |
| September-2019 | | |
| | 04/09/19 | Hindi poem recitation |
| | 11/09/19 | Slogan writing (about hindi) |
| | 18/09/19 | Kavi darbar (hindi) |
| | 25/09/19 | Story telling (hindi) |
| October-2019 | | |
| | 16/10/19 | House meeting |
| | 23/10/19 | E.v.s. Quiz |
| | 30/10/19 | English extempore |
| November-2019 | | |
| | 06/11/19 | Diya decoration |
| | 11/11/19 | Fancy dress show |
| | 20/11/19 | Hindi ashu bhashan |
| | 27/11/19 | Word game (hindi) memory based |